# हिन्दी दिवस-2022 की रिपोर्ट

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी विभाग एवं उप-राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त उपक्रम से तीन दिनों तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. 12 सितम्बर को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें कुल 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया. इसी दिन श्रुति लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. इसमें कुल 26 विद्यार्थोयों ने भाग लिया. 13 सितम्बर को हिन्दी वाक् (वाद-विवाद) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें कुल 06 प्रतिभागियों ने भाग लिया. हिन्दी दिवस के कार्यक्रम के आरम्भ में हिन्दी विभाग की सहायक आचार्या मनीषाबेन पटेल ने सभी का स्वागत किया. इस दिन देशभक्ति गीत प्रतियोगिता (एकल और सामूहिक गान) का आयोजन किया गया. इसमें कुल चार एकल एवं तीन समूह में विद्यार्थियों ने गीत गायन किया. हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों (पवन, तनूजा, अमूल, आनंद) ने धर्मवीर भारती की प्रसिद्ध एकाँकी “आवाज का नीलाम” की नाट्य-प्रस्तुति की. इस दिन दमन राजकीय महाविद्यालय से उपस्थित सहायक आचार्य श्री पुखराज जांगिड ने हिन्दी के महत्त्व और विश्व में उसकी बढती उपयोगिता पर एक व्याख्यान दिया. उन्होंने बताया कि हिन्दी का क्षेत्रीय भाषाओं से बैर नहीं है बल्कि दोनों एक दूसरे की पूरक हैं. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए. कार्यक्रम में प्राचार्य सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया. उप-राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य श्री पवन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि, प्राचार्य, निर्णायकों एवं विद्यार्थियों आदि का धन्यवाद ज्ञापन किया.

डॉ. शहाबुद्दीन
प्रभारी, हिन्दी विभाग
उपाध्यक्ष. उप-राजभाषा कार्यान्वयन समिति

Professor I/C. (Hindi)
DR. APJ ABDUL KALAM GOVT. COLLEGE,
Silvassa, DNH & DD.